सार-समाचार

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

शाहपुरा, (निसं.)। ज़िला कलेक्टर टीकम चन्द बोहरा की अध्यक्षता में मंगलवार को ज़िला कार्यालय सभाकक्ष में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। ज़िला कलेक्टर सिन्हा ने एजेंडावार विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। ज़िला कलेक्टर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुरक्षात्मक कार्य किए जाए। पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए स्थानों का निरीक्षण कर दुर्घटना वाले क्षेत्र में सुधरात्मक कार्य करें। उन्होंने शहर में अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवश्यश्क दिशा निर्देश संबंधित विभागों को दिए। ज़िला कलेक्टर ने बैठक के दौरान ज़िले में अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई करने के सख़्त निर्देश प्रदान किए। शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाया जाए। स्ट्रीट लाईट को प्राथमिकता से लगाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर छोटी सड़के नेशनल हाईवे पर मिलती हैं, उन छोटी सडक में स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। साथ ही सडक किनारे झाड़ियों की कटाई-छटाई लगातार होती रहे। कलेक्टर बोहरा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए कार्य करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल एवं ज़िला परिवहन अधिकारी राजीव ने सडक सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि मनाई

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं.)। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष शक्की मोहम्मद व महामंत्री मूलचंद शर्मा ने गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की अहिंसा के पुजारी ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पार्षद सुशील अजमेरा, पूर्व पार्षद राकेश शर्मा, मनीष कौशिक, आजम कुरैशी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान पार्षद तक्की मोहम्मद, पप्पू मेघवाल, वरिष्ठ नेता बंशीलाल विजयवर्गीय, प्रवक्ता राजेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि गोवर्धन मेघवंशी, राजू यादव, तेजपाल बजाड़, दीपक बिड़ला, रामस्वरूप शर्मा, अन्नू, छगन मालाकार, अशोक तेजी, इकराम मंसूरी, मुस्ताक अली, सत्यनारायण मेघवंशी, हंसराज मेहरडा, सुल्तान रहीमपुरा, नरेश बाकलीवाल, ओम यादव, रूपचंद खटीक, किशन नाथावत सहित कई कार्यकर्त्ताओ ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

छात्रों ने जड़ा स्कूल के ताला

भीलवाड़ा, (निसं.)। शाहपुरा जिले की कोटडी पंचायत समिति क्षेत्र के बागडी गाव के छात्र छात्राओं में विद्यायल को क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर स्कूल भवन के ताला जड़ दिया। आज स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन होना था इससे पहले ही विद्यार्थियों ने हंगामा करते हुए स्कूल भवन के ताला जड़कर विरोध करने लग गए, नाराज छात्र छात्राओं ने सड़क मार्ग पर कंटीली झाड़ियां डालकर जाम लगा दिया , छात्रों की मांग है कि उनके स्कूल में न तो पर्याप्त संसाधन है न स्कूल भवन में कमरे इसके अलावा नामाकन भी अधिक है फिर भी 8 वी के बाद पढ़ाई के लिए दूर जाना पड़ता है ,उन्होंने आज वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भी बहिष्कार कर दिया है। करीब 2 घंटे की समझाइश के बाद मामला शांत हो पाया।

मारू अध्यक्ष, नौलखा सचिव

भीलवाड़ा, (निसं.)। महेश क्रेडिट कोआपरेटिव लि. भीलवाडा के हुए चुनाव में दीनदयाल मारू अध्यक्ष, श्याम सुन्दर नौलखा सचिव, सीए आलोक पलोड़ कोषाध्यक्ष, एवम एडवोकेट गोपाल अजमेरा उपाध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार श्रवण कुमार कुमावत के अनुसार अध्यक्ष मारू, सचिव नौलखा, कोषाध्यक्ष पलोड़, उपाध्यक्ष अजमेरा का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है। इससे पूर्व रविवार को हुए दस संचालक मण्डल सदस्यों में सीए आलोक पलोड़, आशा आग़ाल, आशीष पोरवाल, अंजना मालू, एडवोकेट गोपाल लाल अजमेरा, दीनदयाल मारू, सीए परीक्षित नामधर, राकेश दरक, राजेंद्र कुमार गंदोडिया, श्याम सुन्दर नौलखा निर्वाचित हुए है।

महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित

नागौर, (निसं.)। शहीद दिवस (30 जनवरी) के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में स्थित राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार योगी सहित अधिकारियों व कार्मिकों ने पुष्प अर्पित कर राष्ट्रिपता को नमन किया। इस दौरान रामधुनी व गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।

'बेटियों के प्रति हमें बदलनी होगी मानसिकता, बेटियां हर क्षेत्र में आगे'

को-चेयरमैन सुरेश चन्द्र श्रीमाली ने जागरुकता सेमिनार को सम्बोधित किया।

भीलवाड़ा, (निसं.)। बेटियों के संरक्षण के लिए कई कानून बने हैं। अब तो किसी बेटी को कोई व्यक्ति घूरकर भी नहीं देख सकता। इसके लिए भी कानून है। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे है। जितने जज बन रहे हैं, उनमें से 65 प्रतिशत बेटियां जज बनकर आ रही हैं। ये विचार बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को-चेयरमैन एडवोकेट सुरेश चन्द्र श्रीमाली ने आज राजकीय गर्ल्स सीनियर हायर सेकंडरी स्कूल गुलमंडी में आयोजित जागरुकता सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। यह आयोजन राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लाडली बिटिया अभियान संस्थान ने किया। श्रीमाली ने कहा कि बेटियों के प्रति हमें मानसिकता बदलनी होगी। बेटियां मार्शल आर्ट सीखें। उन्हें कोई भी परेशानी हो तो अपने माता-पिता व टीचर को खुलकर बताएं।

उन्होंने गुड टच-बेड टच व कानूनों के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भीलवाड़ा ब्रांच की वाइस प्रेसिडेंट डॉ.शीतल अजमेरा ने बेटियों के स्वास्थ्य, शारीरिक परिवर्तन एवं पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बेटियां पीरियड्स के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखें। झिझक नहीं रखें, खुलकर चर्चा करें। सेमिनार की अध्यक्षता राजकीय गर्ल्स सीनियर हायर सेकंडरी स्कूल की प्रिंसीपल उषा शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत में कोई कमी नहीं होती। बस उन्हें उचित मार्गदर्शन की जरूरत होती है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने संस्था के प्रधान संरक्षक प्रभु श्री कृष्ण और माता राधेरानी तथा मां शारदे की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। लाडली बिटिया अभियान संस्थान के अध्यक्ष ललित ओझा ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में बताया। श्रीमाली ने सभी को बेटियों के संरक्षण, संस्कार और सम्मान की शपथ दिलाई। अतिथियों द्वारा आठ प्रतिभाशाली बेटियों वरिष्ठ अध्यापक संजीदा हबीब, ताईक्वांडो में स्टेट लेवल पर उपलब्धि हासिल करने वाली नेहा खटीक, छात्राएं सादिया अख्तर अंसारी, मुमताज बानू, मुस्कान बानू, मेहविश बानू, तनवीर सिलावट, माही टेलर का सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत दुपट्टा ओढ़ा व मोमेंटो प्रदान कर किया गया। स्कूल की छात्राओं ने गीत सुनाया। ताईक्वांडो का प्रदर्शन किया।

वार्षिकोत्सव का आयोजन

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेड़ा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।

शाहपुरा, (निसं.)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेडा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में शैक्षिक, सहशैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान विद्यालय में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा पारितोषिक एवं अभिनन्दन पत्र भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थाप्रधान दिनेश जोशी द्वारा की गई जिन्होंने मुख्य अतिथि सम्पत लाल माली, सरपंच बनेडा एवं भामाशाह राजेन्द्र जी नुवाल एवं विशिष्ट अतिथि मुरली मनोहर व्यास, शमशेर बेग, भैरू लाल लक्षकार, जस्सू राम शर्मा एवं अन्य गण्यमान्य विद्यालय के प्रबन्धन समिति एवं विकास समिति के सभी सदस्यों का अभिवादन एवं आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जो प्रेरणादायी रहे।

भामाशाह सम्मान समारोह मनाया

ब्यावर, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय,गड्डी थोरियान में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ बलाड सुरेन्द्र माथुर द्वारा की गई ।

मुख्य अतिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष जगदीश रायपुरिया एवं विशिष्ट अतिथि महावीर, इंटरनेशनल रॉयल अध्यक्ष अशोक पालडेचा पुष्पेन्द्र आदि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। छात्रा दिव्या राठौड एवं दिया रावत द्वारा सत्य शिवम सुन्दरम नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। संस्था प्रधान सत्यनारायण ग्वाला ने जगदीश रायपुरिया, अशोक पालडेचा एवं शौकीन सर को भामाशाह के रूप में सम्मानित किया।

दिव्या कीमहावीर रॉयल क्लब ने दिव्या की 9 से 12 तक की शिक्षा की विधालय की समस्त जिम्मेदारी ली। एसएमसी अध्यक्ष प्रेमसिंह, सदस्य शौकीन ने विद्यालय स्टाफ को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में धनश्याम , योगिता, श्यामा जैन, कविता नागर, सुनिता, प्रिंयका कटारिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्यामा जैन ने किया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम कोटड़ा योजना के आवास संख्या 283 क्षेत्रफल 233.51 वर्गगज के आवंटी श्रीमती शकुन्तला गर्ग पत्नि श्री सीताराम गर्ग निवासी 283/01 ज्ञान विहार अजमेर की मृत्यु दिनांक 19/06/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 24/12/2021) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री सीताराम गर्ग पुत्र स्व. मुक्तिराम गर्ग 283/01 ज्ञान विहार कॉलोनी अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या सी-578 क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर के अन्तरिति 1. श्री मोहनस्वरूप गोयल पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र जी गोयल 2. श्रीमती विमला गोयल पत्नि श्री मोहनस्वरूप गोयल निवासी सी-578, पंचशील नगर, अजमेर में से श्रीमती विमला गोयल की मृत्यु दिनांक 23/09/2010 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पंजीकृत हक त्याग श्रीमती मनीषा गोयल व श्रीमती चारू गोयल द्वारा दिनांक 29/05/2013 को अपने पिता श्री मोहन स्वरूप गोयल के पक्ष में निष्पादित कर दिया गया था जिसके उपरान्त श्री मोहनस्वरूप गोयल की मृत्यु दिनांक 08/10/2022 को होने पर वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 07/06/2013) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री ऋषि गोयल पुत्र स्व. श्री मोहन स्वरूप गोयल निवासी 3, KONENE STREET, WOOD BRIDGE, NEW JERSY, U.S.A. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका, पुष्कर जिला अजमेर, राजस्थान

क्रमांक / नपापु / भूमिशाखा / 2023 / 4291 दिनांक-25-01-2024

उजरदारी सूचना

निम्न आवेदनकर्ता ने निम्नलिखित कॉलोनी में अपनी सम्पत्ति के धारा 90-क के तहत पट्टे के लिए आवेदन किया है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर पालिका पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र स	आवेदक का नाम	प्रयोजन	चतुर्थ सीमा	
1	श्रीमती मंजू कछावा पत्नी श्री कालूराम कछावा भूस. 09व 10 श्याम वाटिका गाम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- सड़क पश्चिम- भू.स. 57 व 58	उत्तर- भू.स. 8 दक्षिण- भू.स. 11

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका पुष्कर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2023-24/101069 दिनांक 30/01/2024

लोक सूचना

श्रीमती CHANDRAKANTA SAINI पत्नी श्री VIJAY KUMAR SAINI जाति OBC निवासी NAYAGHAR, NAI BASTI GULAB BARI AJMER, श्री HANUMAN PRASAD SIGODIA पुत्र श्री BHAIRU RAM जाति OBC निवासी KAMLA NURSERY, TILORA ROAD, BANSELI PUSHKAR श्री SATISH YADAV पुत्र श्री OM PRAKASH YADAV जाति OBC निवासी H.NO. 30, NEW GANESH NAGAR, TARAGARH ROAD, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	207/1273	200	0.02
2.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	213	3800	0.38
3.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	215	1600	0.16
4.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	216	2200	0.22
5.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	218	3200	0.32
6.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	222/1271	300	0.03
7.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	SATISH YADAV S/O OM PRAKASH YADAV, HANUMAN PRASAD SIGODIA	224	1500	0.15
8.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	CHANDRAKANTA SAINI W/O VIJAY KUMAR SAINI	212	4500	0.45
9.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	CHANDRAKANTA SAINI W/O VIJAY KUMAR SAINI	217	3300	0.33
10.	बांसेली, पुष्कर (अजमेर)	CHANDRAKANTA SAINI W/O VIJAY KUMAR SAINI	223	2500	0.25
				कुल	2.31

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30/01/2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका, पुष्कर जिला अजमेर, राजस्थान

क्रमांक / नपापु / भूमिशाखा / 2023 / 4315 दिनांक-29-01-2024

उजरदारी सूचना

निम्न आवेदनकर्ता ने निम्नलिखित कॉलोनी में अपनी सम्पति के धारा 90-क के तहत पट्टे के लिए आवेदन किया है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर पालिका पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र स	आवेदक का नाम	प्रयोजन	चतुर्थ सीमा	
1	श्री महेंद्र नील, श्री राजेंद्र, श्री सुरेन्द्र नील पुत्रगण श्री रामलाल, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	व्यावसायिक	पूर्व- 30 फीट रास्ता व्यवसायिक पश्चिम- दूदा रावत का खेत	उत्तर- आम रास्ता दक्षिण-स्वयं का हिस्सा
2	श्री महेंद्र नील, श्री राजेंद्र, श्री सुरेन्द्र नील पुत्रगण श्री रामलाल, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	व्यावसायिक	पूर्व- 30 फीट रास्ता व्यवसायिक पश्चिम- दूदा रावत का खेत	उत्तर- स्वयं का हिस्सा दक्षिण-मैसर्स ओमकाशी
3	मैसर्स ओमकाशी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, भू.स. 09, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	व्यावसायिक	पूर्व- 30 फीट रास्ता व्यवसायिक पश्चिम- दूदा रावत का खेत	उत्तर- भू.स. 08 दक्षिण- भू.स. 10
4	श्रीमती रेखा खत्री पत्नी श्री लाल चन्द खत्री, भू.स. 08, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	व्यावसायिक	पूर्व- 30 फीट रास्ता व्यवसायिक पश्चिम- दूदा रावत का खेत	उत्तर- भू.स. 08 दक्षिण- भू.स. 10 उत्तर- श्री महेंद्र राजेंद्र, सुरेन्द्र नील दक्षिण-मैसर्स ओमकाशी
5	श्री लालचन्द खत्री पुत्र श्री विशनदास खत्री श्रीमती रेखा खत्री पत्नी श्री लालचन्द खत्री श्री मनीष खत्री व श्री करण खत्री पुत्रगण श्री लालचन्द खत्री, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- 20 फीट रास्ता पश्चिम- 30 फीट रास्ता	उत्तर- 30 फीट रास्ता दक्षिण- भू.स. 69
6	श्री राजकुमार पुत्र श्री मंधाराम, भू.स. 48, विनायक नगर द्वितीय (बी) ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- भू.स. 55 उत्तर- भू.स. 40	उत्तर- भू.स. 47 दक्षिण- भू.स. 49
7	श्री राजकुमार पुत्र श्री मधाराम भू.स. 46, विनायक नगर द्वितीय (बी) ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- भू.स. 57 पश्चिम- 40 फीट रास्ता	उत्तर- 30 फीट रास्ता दक्षिण- भू.स. 47
8	श्री राजकुमार पुत्र श्री मंधाराम, भू.स. 49, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- भू.स. 54 पश्चिम- 40 फीट रास्ता	उत्तर- भू.स. 48 दक्षिण- भू.स. 50
9	श्री राजकुमार पुत्र श्री मंधाराम, भू.स. 47, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- भू.स. 56 पश्चिम- 40 फीट रास्ता	उत्तर- भू.स. 46 दक्षिण- भू.स. 48
10	श्रीमती लतादेवी पत्नी श्री राजकुमार खत्री, भू.स. 78, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- 20 फीट रास्ता पश्चिम- 30 फीट रास्ता	उत्तर- भू.स. 77 दक्षिण- भू.स. 79
11	श्री बालकिशन पुत्र श्री गोविन्दराम, भू.स. 66, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- 30 फीट रास्ता पश्चिम- भू.स. 48	उत्तर- भू.स. 56 दक्षिण- भू.स. 54
12	श्री चिराग मोहम्मद पुत्र श्री लाल विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम मोहम्मद भू.स. 04, गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- 40 फीट रास्ता पश्चिम- भू.स. 05	उत्तर- भू.स. 04 दक्षिण- भू.स. 04 का शेष भाग
13	श्री चिराग मोहम्मद पुत्र श्री लाल मोहम्मद भू.स. 04 का भाग, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- 40 फीट रास्ता पश्चिम- भू.स. अन्य की सम्पति	उत्तर- 30 फीट रास्ता दक्षिण- स्वयं की सम्पति
14	श्री दिलीप कुमार, श्री प्रदीप कुमार सिंह पुत्रगण चन्द्रमा सिंह भू.स. 04 का भाग, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- श्री चिराग मोहम्मद पश्चिम- अन्य सम्पति	उत्तर- 30 फीट रास्ता दक्षिण- श्री चिराग मोहम्मद
15	श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह भू.स. 05, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- श्री दिलीप व प्रदीप कुमार पश्चिम- श्री ऋषिराज	उत्तर- 30 फीट रास्ता दक्षिण- श्री ऋषिराज
16	श्री मोहम्मद जफर अंसारी पुत्र श्री मौहम्मद जमाल भू.स. 05 का भाग, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- श्री चिराग मोहम्मद व रीना योगी पश्चिम- 30 फीट रास्ता	उत्तर- भू.स. 05 का भाग दक्षिण- भू.स. 01
17	श्री विशेष खत्री पुत्र श्री लक्ष्मण खत्री भू.स. 61, विनायक नगर द्वितीय (बी), ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर	आवासीय	पूर्व- 30 फीट रास्ता पश्चिम- भू.स. 42	उत्तर- भू.स. 62 दक्षिण- भू.स. 60

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका पुष्कर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल श्रीमति कौशल्या देवी पत्नि स्व. रामेश्वरलाल व सीमा पुत्री रामेश्वरलाल, केशव नगर छोटी बस्ती पुष्कर,अजमेर के स्वामित्व की आवासीय सम्पत्ति 1/162, 6/15 केशव नगर छोटी बस्ती पुष्कर बाबत् छलकपट पूर्वक एक इकरार अशोक ढलवाल पुत्र प्रकाशचंद जाति-माली पता भोपों का बाड़ा अजमेर द्वारा मेरे मुवक्किल को बिना प्रतिफल राशि अदा किये निष्पादित कर लिया, जो कि प्रारम्भ से ही शून्य व निष्प्रभावी हैं, अशोक ढलवाल द्वारा निष्पादित इकरार 11. 01.2021 को मुवक्किल ने निरस्त कर दिया हैं, मेरे मुवक्किल अपनी सम्पत्ति के एकमात्र मालिक व काबिज चले आ रहे हैं, उनकी सम्पत्ति बाबत् कोई व्यक्ति/संस्था अशोक ढलवाल या अन्य से लेनदेन ना करें, किया जाता हैं या किसी ने किया हैं तो कानूनन गलत व शून्य होगा।

भवदीय
शंकर गुर्जर (एडवोकेट)
मो.नं. 9314535339

पंच कल्याणक महोत्सव मनाया

अजमेर, (कासं)। फॉयसागर रोड सोनी नगर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया। आचार्य विवेकसागर महाराज के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम हुए, जिसमें बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों ने उत्साह से भाग लिया।

पंचकल्याणक के तहत नित्य नियम पूजन के बाद भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया। जन्मकल्याणक का जुलूस निकला। भगवान का कलशाभिषेक किए गए। पंचकल्याण के प्रतिष्ठाचार्य पंडित कुमुदचंद सोनी, सहयोगी लादूलाल शाह, विशाल जैन, संगीतकार केशव एंड पार्टी भोपाल, नाट्यमंच संजय साजन एंड पार्टी टीकमगढ़ है। संचालन मयूर जैन सागर कर रहे हैं। बुधवार को जन्मकल्याणक पूजा, जाप्यानुष्ठान, अमृत स्थापना, महाआरती, रात्रि में कमठ का उपसर्ग नाटिका मंचन होगा। एक फरवरी को तप कल्याणक पूजन, हवन व जाप्यानुष्ठान, भगवान का आहार, ज्ञान कल्याणक गतिविधियां समवशरण का सृजन एवं दिव्य ध्वनि एवं ज्ञान कल्याणक की आराधना,रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 2 फरवरी को भगवान मोक्ष कल्याणक, अभिषेक, महाशांति धारा, गुणरोपन, मोक्ष कल्याणक पूजा एवं विश्वशांति महायज्ञ, प्रवचन, रथ यात्रा, भगवान बेदी विराजमान एवं वात्सल्य भोज कलशारोहण एवं शिखर पर ध्वजारोहण एवं जिनवाणी की स्थापना की जाएगी।

निशुल्क योग शिविर शुरू

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं.)। सुबह के साथी योग ग्रुप की और से डाक बंगला में आयोज्य नि:शुल्क योग क्लास से कई लोग लाभान्वित हो रहे है। हरिद्वार से प्रशिक्षित योग गुरु प्रभुदयाल कुमावत (तुंगरिया) ने बताया की स्वास्थ्य के प्रति सजग रखने के इरादे से नियमित रूप से डाक बंगले में सुबह नि:शुल्क योग क्लास चलाई जा रही है, बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर स्वस्थ महसूस कर रहे है। योग क्लास में लोगो को शारीरिक कमजोरी, घुटना दर्द, थायरॉइड, मानसिक तनाव, शुगर, अस्थमा सहित कई बीमारियों से राहत मिली। योग गुरु कुमावत पिछले ग्यारह साल से सेवा में तत्पर है। विशाल दूधानी ने बताया की सुबह 6.15 बजे से 7.30 बजे तक जारी शिविर में राजकुमार मेघानी, गजेंद्र सैन, सत्यनारायण यादव, मोनू विजयवर्गीय, सत्यनारायण बंधवाल, विमल बानूडा, जितेंद्र राठी, सुरेश सोमानी, जितेंद्र जैन, रमेश त्रिपाठी, हेमराज आदि मौजूद रहे।

सीडियास में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

परबतसर, (निसं.)। उपखंड के ग्राम पंचायत बस्सी के राजस्व गांव सिडियास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रवण सिंह राठौड़,विशिष्ट अतिथि पाबू सिंह राठौड़,अध्यक्ष सरपंच सुमन मेघवाल ,मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है।

गांव के अंदर प्रतिभाओं की कमी नहीं है,सिर्फ उन्हें समय पर निखारने की आवश्यकता है।अध्यापक बच्चों को अच्छी शिक्षा दें।साथ ही बच्चों को भी गुरु व माता-पिता का आदर करना चाहि।अच्छे संस्कार ही बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं।इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ठामवासी और विद्यालय स्टाफ ने विद्यालय विकास के लिए सहयोग राशि दी प्रधानाध्यापक रामस्वरूप चौधरी ने भामाशाह का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर,मोमेंटो और प्रशंसा पत्र भेंटकर सम्मानित किया। नेशनल मींस कम मेरिट परीक्षा में भाग लेने वाले 12 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। ब्लॉक स्तर पर फुटबॉल टीम ने भाग लिया उसे भी सम्मानित किया। पूर्व विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बिरमाराम ने विद्यालय परिवार की तारीफ की और विद्यार्थियों को उत्कृष्ट जीवन के लिए प्रेरित किया। सरपंच प्रतिनिधि जगदीश मेघवाल ,रामा राम प्रजापत ,पंचायत समिति सदस्य मनोहर मेघवाल,सरोज प्रजापत,एसएमसी अध्यक्ष पोलूराम, पवन जोशी दुर्गाराम हरि सिंह विद्यालय स्टाफ बनवारीलाल और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजस्व ग्राम थोक तेलियान योजना के आवासीय भूखण्ड खसरा संख्या 58, 59 क्षेत्रफल 202.22 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्री पूनम गुलवानी पत्नी श्री वाशदेव गुलवानी निवासी 6/25, सरदारों का मौहल्ला, भगवान गंज रोड, आशागंज, अजमेर की मृत्यु दिनांक 27-12-2014 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक 24-11-2014) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु 1. सुनील गुलवानी व 2. जयप्रकाश गुलवानी पुत्रगण श्री वाशदेव गुलवानी, निवासीगण 6/25, सरदारों का मौहल्ला, भगवान गंज रोड, आशागंज, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: अविप्रा/प.3/भू.उ.परि./2024/354/4576 दिनांक: 24-1-24

सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक पं. 11(8) नविवि/2020 दिनांक 24.2.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है:-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना का नाम	भूखण्ड सं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लॉन 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री संदीप गौड़ पुत्र श्री रतन लाल	राजस्व ग्राम घूघरा	खसरा संख्या 379 भूखण्ड संख्या 109 व 110	242.29 वर्गमीटर	आवासीय योजना के तहत आवासीय नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के आदेश दिनांक 04.08.2023 के अनुसार मिश्रित	आवासीय	सामान्य व्यावसायिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किए जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपति कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। निदेशक आयोजना अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: अविप्रा/प.3/भू.उ.परि./2024/355/4622 दिनांक: 30-1-24

सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक पं. 11(8) नविवि/2020 दिनांक 24.2.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है:-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना का नाम	भूखण्ड सं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लॉन 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री अजमत खान पुत्र श्री मोटा चीता	पंचशील नगर योजना	भूखण्ड सं. बी.एन. 585 से बी.एन. 587 एवं बी. एन. 608 से बी.एन. 610	1944.00 वर्गमीटर	मिश्रित	आवासीय	सामान्य व्यावसायिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किए जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपति कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। उपनगर नियोजक अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: अविप्रा/प.3/भू.उ.परि./2024/356/4621 दिनांक: 30-1-24

सार्वजनिक सूचना

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक पं. 11(8) नविवि/2020 दिनांक 24.2.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है:-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना का नाम	भूखण्ड सं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लॉन 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री अजमत खान पुत्र श्री मोटा चीता 2. श्रीमती रेखा बानो पुत्री श्री बाबू चीता	पंचशील नगर योजना	भूखण्ड सं. बी.एन. 588 से बी.एन. 590 एवं बी. एन. 605 से बी.एन. 607	1944.00 वर्गमीटर	मिश्रित	आवासीय	सामान्य व्यावसायिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किए जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपति कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। उपनगर नियोजक अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

'राजमार्गों पर हो ट्रक चालकों से अवैध वसूली बंद हो'

अजमेर, (कासं)। अजयमेरू थोक ट्रांसपोर्ट विकास समिति व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने केन्द्र और राज्य सरकार को पत्र लिखकर राजमार्गों पर ट्रक चालको से की जा रही अवैध वसूली रोकने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

अजयमेरू थोक ट्रांसपोर्ट विकास समिति के अध्यक्ष मोइन खान व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि गत दिनों परबतपुरा बाईपास पर ट्रक चालक को परेशान किए जाने पर उसने आत्म हत्या का प्रयास किया, जिसे समय रहते लोगों ने बचा लिया। उन्होंने कहा कि समिति ने केंद्र और राज्य सरकार को एक पत्र लिखकर राजमार्गों पर अवैध वसूल करने वालों और अनावश्यक परेशान करने वालों के विरुद्ध ठोस कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। मोइन खान ने आरोप लगाया कि वीडियो कोचो द्वारा अवैध लोडिंग करने पर कोई ठोस कार्यवाही संबंधितों द्वारा नहीं की जाती, लेकिन ट्रक ड्राइवरों को परेशान किया जाता है।

मांग करने वालों में महासंघ के कालीचरणदास खंडेलवाल, संतोष बर्मन, ओम प्रकाश टांक, महेन्द्र बंसल, राजेन्द्र सिंह निर्वाण, रमेश लालवानी, राजेश लालवानी, मितेश निचानी,अंकित गौड,अनिल मित्तल, चेतन सैनी, सरदार दिलीप सिंह, अनीष कासलीवाल, संरक्षक भोजराज गुलाबचन्दानी, राहुल गोयल, उपाध्यक्ष रंगलाल गुर्जर, संदीप ऐरन, सुनील दत्त, हेमन्त तायल सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है।

पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

अजमेर के शास्त्री नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. एसडी मिश्रा, उर्षा शर्मा, पूर्व पार्षद गणेश चौहान व प्रधानाध्यापिका सुशीला सोनी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। शाला प्रभारी सोनी एवं स्टाफ ने अतिथियों का साफा माला पहना कर स्वागत किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढक़र एक मनमोहक नृत्य गीतों से सजा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें लाड़ली घर के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के संजय बंसल, शिवानी चौधरी, पायल खत्री आदि ने प्रस्तुति दी। अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया।

राज्य स्तर पर खेलों में स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ी नरपत सिंह, दीपक बिंद को प्रमाण पत्र पुरस्कृत किया। कक्षा 5वीं, 8वीं बोर्ड में प्रथम बच्चों को भी पुरस्कृत किया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर ब्राह्मण महासभा की प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी उर्षा शर्मा, सरोज गर्ग, उषा वशिष्ट आदि उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा ने शाला परिवार एवं शिक्षकों के कार्यकुशलता की प्रशंसा की।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

IDFC FIRST Bank

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	47015996	सम्पत्ति पर ऋण	1. गोविन्द लाल 2. मनोज देवी	13.12.2023	4,59,496.33/-	सम्पत्ति क्षेत्रफल 297.77 वर्गगज अर्थात 2680 वर्गफिट, पट्टा नं. 47, बुक नं. 01, ग्राम दत्ताऊ, तहसील-लाडनू, जिला-नागौर, राजस्थान-341303 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है, पूर्व-स्वयं की भूमि, पश्चिम-राधेश्याम शर्मा, उत्तर-स्वयं की भूमि, दक्षिण-रोड

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 31.01.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- नागौर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)